आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 31.10.2019

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के आवासीय परिसर में विशाल "रन फॉर यूनिटी" मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस मैराथन दौड़ का शुभारंभ महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने झंडा दिखाकर किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने अपने संबोधन मे कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद देश को एकीकृत करने में उल्लेखनीय योगदान दिया था । वर्तमान भारत उनके कुशल नेतृत्व क्षमता का परिचायक है । इसके साथ ही महाप्रबंधक ने कहा कि यूनिटी शब्द का महत्व अपने आप में अद्वितीय है। एकता हीं किसी भी देश के विकास का, देश के सौंदर्य का और देश के उद्दार का मूल मंत्र है। उन्होंने बताया कि "रन फॉर यूनिटी" मैराथन दौड़ का उद्देश्य देश के युवाओं को एकता के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित करना व राष्ट्रीय एकता का संदेश पहुँचाना है। साथ हीं उन्होंने कहा हम सभी लोग राष्ट्रीय एकता व अखंडता का अक्षुण्ण बनायें रखने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहें।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आरेडिका में राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ का आयोजन भी किया गया जिसमें महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ ली ।

यह आयोजन आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के कार्मिक विभाग तथा खेल–कूद संघ के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न किया गया ।

इस दौरान आरेडिका, रायबरेली के मुख्य प्रसाशनिक अधिकारी श्री आलोक कुमार, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री श्रीकांत राय, आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री आर. के. मनोचा व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अमित 31.10.19

(अमित कुमार सिंह)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी